हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 5 अगस्त 2026
नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 जूते, मोबाइल ने खोला युवक की हत्या का राज



09 ग्राम करनपुर में बिजली संकट, खराब पड़ी डीपियां



खबर संक्षेप

नेहा बनीं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष

इटारसी। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी ने नेहा चावरे को नर्मदापुरम जिला महिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलने पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। कांग्रेस जनों ने इस नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय और वरिष्ठ नेता मानक अग्रवाल सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। साथ ही, नवनियुक्त अध्यक्ष नेहा चावरे को जिला कांग्रेस परिवार की ओर से उज्ज्वल कार्यकाल के लिए ढेरों बधाइयां और शुभकामनाएं दीं।



समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

नर्मदापुरम। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जन विश्वास अभियान, समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन तथा आगामी नागद्वारी मेले की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग ने फर्जीवाड़े पर जारी किया अस्पताल को नोटिस

डॉ. मीना फ्रैक्चर हॉस्पिटल पर एक्शन लापरवाही पर रजिस्ट्रेशन होगा निरस्त

शहर में संचालित मीना फ्रैक्चर हास्पिटल के विरूद्ध प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। अस्पताल में अनियमिता पाई गई थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में संचालित डॉ. मीना फ्रैक्चर हॉस्पिटल के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। मरीज के इलाज में घोर लापरवाही बरतने और आयुष्मान भारत निरामयम योजना में वित्तीय अनियमितता और फर्जीवाड़ा का दोषी पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अस्पताल के खिलाफ दोहरा कड़ा कदम उठाया है।

एक तरफ जहां अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, वहीं दूसरी तरफ आयुष्मान योजना से अस्पताल की पात्रता निरस्त करने की सिफारिश भी की गई है। इससे पहले शिकायत पर प्रशासन द्वारा मीना हास्पिटल की जांच के लिए 3 सदस्यीय जांच दल बनाया गया था।

आयुष्मान भारत योजना से पात्रता निरस्त करने का भी प्रस्ताव



जांच समिति को मिले मजबूत साक्ष्य

मरीज की ओर से जांच समिति के समक्ष इसके ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। आयुष्मान योजना के तहत अधिक राशि का पैकेज बुक किया गया। इससे शासन को सीधा वित्तीय नुकसान पहुंचाया । जिस पर सीएमएचओ द्वारा पात्रता रद्द करने के प्रस्ताव भेजे गये हैं।

इलाज में घोर लापरवाही

जांच दल की रिपोर्ट में मरीज के इलाज के दौरान डॉक्टरों द्वारा लापरवाही बरते जाने की बात प्रमाणित पाई गई। इसके चलते अस्पताल का पंजीयन निरस्त करने नोटिस थमाया गया है। वहीं आयुष्मान भारत योजना से पात्रता निरस्त करने का प्रस्ताव सीएमएचओ कार्यालय द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुष्मान भारत निरामयम भोपाल को पत्र भेजकर डॉ. मीना फ्रैक्चर हॉस्पिटल की आयुष्मान योजना के तहत पात्रता को तत्काल निरस्त करने का अनुरोध किया गया है। आदेश की प्रतिलिपि कलेक्टर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, और जिला नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत कार्यक्रम को भी भेजी गई।

किया था 3 सदस्यीय जांच दल का गठन, जांच में पाई गई थी अनियमितता

हथवास पिपरिया निवासी रेखा अहिरवार पति अशोक अहिरवार ने जनसुनवाई एवं सीएमएचओ कार्यालय में डॉ. मीना फ्रैक्चर हॉस्पिटल के संचालक डॉ. ए.एस. मीना और उनके अन्य डॉक्टरों द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ कार्यालय ने 3 सदस्यीय जांच दल का गठन किया था। दल ने शिकायतकर्ता, अस्पताल के संचालक डॉ. ए.एस. मीना और इलाज में शामिल अन्य डॉक्टरों के बयान दर्ज किए। जांच रिपोर्ट के आधार पर अनियमितताएं पाई गईं जिनमें आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद दोनों ऑपरेशनों के दौरान अस्पताल प्रशासन द्वारा अवैध रूप से पैसे लिए गए।

साइकिल दुकान संचालक गौरव पर चाकू से हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के बीच चाकूबाजी की एक और सनसनीखेज वारदात सामने आई है। मालवीयगंज क्षेत्र में मुंह पर कपड़ा बांधकर आए 3 अज्ञात बदमाशों ने एक साइकिल दुकान संचालक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल गौरव ने बताया कि आज तीन आरोपी मुंह पर कपड़ा बांधकर पैदल आए थे, लोहे की राड और चाकू से हमला कर दिया। आरोपियोंने पहले सिर में लोहे की राड से वार किया। उसके बाद चाकू से कमर के नीचे मार दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालाजी मंदिर के पीछे आसफाबाद मोहल्ला निवासी गौरव राठौर पिता जयकुमार राठौर, 28 वर्ष मालवीयगंज स्थित अपनी साइकिल दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान अचानक मुंह पर कपड़ा बांधे तीन अज्ञात बदमाश दुकान में घुसे और गौरव पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। अचानक हुए इस हमले से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक नकाबपोश हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से भाग निकले। घटना के तुरंत बाद स्थानीय नागरिकों और परिजनों की मदद से गंभीर रूप से घायल गौरव राठौर को तत्काल शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। उनकी जांघ पर कई जगह चाकू के घाव लगे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि नकाबपोश बदमाशों की पहचान की जा सके।

शहर के जूते की दुकान में आग लगने से सामान हुआ खाक, मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम शहर के ताराहता क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक बूट हाउस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई और दुकान से धुआं निकलने लगा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना मंगलवार दोपहर करीब 2:10 बजे की है। सूचना मिलते ही नगर पालिका की दो दमकल मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मी ने आधे घंटे में आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, ताराहता क्षेत्र में स्थित मुथूट फाइनेंस ब्रांच के पास अग्रवाल बूट हाउस में आग लगी। फिलहाल आग लगने का कारण सामने नहीं आया है। आग की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। संचालक सत्यम अग्रवाल ने बताया जूते चप्पल की होल सेल दुकान है। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे लंच के लिए



दुकान बंद करके घर गया था।

कुछ देर बाद फोन आया कि आग लग गई। दुकान में करीब 15लाख रुपए का सामान रखा था। कुछ सामान जल कर राख हो गया, कुछ आग बुझाने के दौरान पानी में भीग गया।

समारोह की सभी तैयारियां की जाएं

नर्मदापुरम। जिले में गरिमामई पूर्ण तरीके से मनाया जाए देश का 80 स्वतंत्रता दिवस। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाएं सांस्कृतिक कार्यक्रम। वर्षा काल को दृष्टिगत रखते हुए की जाए राष्ट्रीय पर्व की समस्त तैयारी। उक्त निर्देश कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका, वन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, खनिज विभाग सहित अन्य सभी संबंधित विभागों द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को पूर्ण किया जाए।

25 साल से हत्या के मामले में फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में हत्या के बाद 25 साल तक पुलिस को चकमा देता रहा आरोपी आखिरकार गिरफ्तार हो गया। पथरौटा थाना पुलिस ने महाराष्ट्र के जलगांव में ठेकेदार बनकर सिविल ड्रेस में ऑपरेशन चलाया। पुलिसकर्मियों ने पहले उससे मजदूर उपलब्ध कराने की बात की। जैसे ही आरोपी बातचीत के लिए पहुंचा, टीम ने उसे दबोच लिया और अपनी पहचान बताई। आरोपी को 2001 में हुई हत्या के मामले में गिरफ्तार कर नर्मदापुरम लाया गया है।

पथरौटा थाना प्रभारी मोनिका गौर ने बताया कि आरोपी राजाराम पिता बारेलाल (50) बैतूल जिले के डाबरी बीजादेही गांव का रहने वाला है। जून 2001 में इटारसी निवासी देवीप्रसाद उर्फ गोटू उईके (33) नजरपुर गांव कच्ची शराब लेने गया था। उसी



दौरान ससुराल आए राजाराम से उसका विवाद हुआ। झगड़े में देवीप्रसाद की मौत हो गई। आरोपी शव को रेलवे लाइन की पुलिया के नीचे फेंककर फरार हो गया। शव मिलने के बाद पहले जीआरपी ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। बाद में घटनास्थल पथरौटा थाना क्षेत्र का होने के कारण केस डायरी स्थानीय पुलिस को सौंप दी गई, जहां हत्या का मामला दर्ज किया गया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी को पकड़ने के लिए पिछले 25 वर्षों में कई बार दबिश दी गई, लेकिन हर बार वह फरार हो जाता था। लगातार ठिकाने बदलने के कारण वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर रहा।

हत्या के बाद आरोपी महाराष्ट्र चला गया। शुरुआती वर्षों में उसने मजदूरी की, फिर मजदूर उपलब्ध कराने का काम शुरू कर दिया। वर्तमान में वह जलगांव के एक स्कूल में चौकीदार के रूप में काम कर रहा था। पुलिस ने परिजनों से आरोपी का हुलिया, फोटो और मोबाइल नंबर जुटाया। साइबर सेल की मदद से उसकी लोकेशन महाराष्ट्र के जलगांव जिले में मिली। इसके बाद सहायक उपनिरीक्षक कल्लू सिंह धुर्वे और प्रधान आरक्षक दिनेश उईके सिविल ड्रेस में वहां पहुंचे। उन्होंने खुद को ठेकेदार बताते हुए मजदूर उपलब्ध कराने की बात की। जैसे ही राजाराम बातचीत के लिए आया, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

खाद किल्लतः कृषि उपज मंडी में किसानों का चक्का जाम

प्रशासनिक आश्वासन के बाद माने किसान, किसान बोले सुधार नहीं होता है तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कृषि उपज मंडी के सामने मंगलवार को डीएपी और यूरिया खाद न मिलने से नाराज किसानों ने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। सुबह से कतार में लगे किसानों को 'पोर्टल पर डेटा शो न होने' और वरिष्ठों के निर्देश न मिलने का हवाला देकर लौटाने पर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

सूचना मिलने पर पहुंचे कांग्रेस नेता गजानन (गज्जू) तिवारी ने किसानों से चर्चा की और एसडीएम नीलेश शर्मा से वार्ता कर तुरंत व्यवस्था सुधारने की मांग की। मौके पर पहुंचे एसडीएम नीलेश शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देकर व्यवस्था सुचारू करवाई और चक्का जाम समाप्त कराया।



बमुश्किल व्यवस्था बनी

सुमित पटेल किसान, मेहरागांव का कहना था कि खाद न मिलने से व्यवस्था बिगड़ी हुई थी। चक्का जाम के बाद अब व्यवस्था बनी है वहीं हिरनखेड़ा के किसान सुन्ना गौर ने बताया कि दो दिन से परेशान हो रहे थे। यदि अब भी सुधार नहीं हुआ तो दोबारा आंदोलन करेंगे।"

प्रशासनिक अधिकारी, गोदाम प्रभारी और बोले किसान

किसानों की समस्या सुनकर उसका समाधान कर दिया गया है। वितरण व्यवस्था सुचारू कर दी गई है, अब किसी को परेशानी नहीं होगी।"
नीलेश शर्मा, एसडीएम

अव्यवस्था और अनदेखी के कारण किसान परेशान थे। एसडीएम से वार्ता कर वितरण शुरू कराया गया है।
गजानन (गज्जू) तिवारी
कांग्रेस नेता

कुछ गलतफहमी हुई थी। ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीयन के दस्तावेज जमा किए जा रहे हैं, एंट्री होते ही वितरण शुरू कर दिया जाएगा।"
संतोष जोहरे गोदाम प्रभारी

स्टॉक पर्याप्त है लेकिन वितरण प्रणाली में ढिलाई थी। एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद स्थिति में सुधार की उम्मीद है।
रामकिशोर यादव
(किसान, तीखड़)

हर शुक्रवार होगा जनसंवाद कार्यक्रम

नर्मदापुरम। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान नर्मदापुरम जिले में 7 अगस्त से प्रारंभ होगा। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों तक शासन-प्रशासन की पहुंच को और अधिक सशक्त बनाना, क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से समस्याओं का मौके पर निराकरण करना, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार जिले के नगर परिषद एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में जिला प्रशासन, स्थानीय निकायों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे।

ग्रीन-क्लीन और प्लास्टिक मुक्त थीम पर नागद्वारी मेले का आयोजन होगा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आगामी नागद्वारी मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में ड्यूटी पर लगाए गए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व ही अपने कार्यस्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें, ताकि व्यवस्थाओं का समय रहते परीक्षण एवं सुचारु संचालन किया जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि मेला समिति श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करे, जिससे दर्शन एवं यात्रा के



दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि इस वर्ष नागद्वारी मेले का आयोजन ग्रीनबैर क्लीन की थीम पर किया जाए तथा इसे पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्रभावी एवं व्यवहारिक कदम उठाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की जाए तथा प्लास्टिक की बोतलों एवं अन्य एकल-उपयोग प्लास्टिक सामग्री पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए। जांच स्थल पर यह सुनिश्चित किया जाए कि जिस वाहन में जितनी प्लास्टिक की बोतलें मेले के भीतर ले जाई जा रही हैं, वापसी के समय उतनी ही संख्या में वे बोतलें वाहन में वापस उपलब्ध हों। नागद्वारी मेले की धार्मिक एवं आध्यात्मिक गरिमा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेले के दौरान किसी भी प्रकार के नशीले एवं मादक पदार्थों का विक्रय नहीं होना चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को सतत निगरानी एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

भीलाखेड़ी में विश्व स्तनपान और सुपोषण दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ग्राम भीलाखेड़ी में मंगलवार, 4 अगस्त को विश्व स्तनपान सप्ताह एवं सुपोषण दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार जैन और परियोजना अधिकारी प्रमोद गौर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में गांव की गर्भवती, धात्री माताओं, किशोरी बालिकाओं सहित अन्य महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सेक्टर पर्यवेक्षक लता नागराज ने महिलाओं को स्तनपान का महत्व बताते हुए स्पष्ट किया कि जन्म के पहले घंटे के भीतर ही बच्चे को स्तनपान कराना आवश्यक है। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम भीलाखेड़ी की आंगनवाड़ी व अन्य कार्यकर्ता प्रिया मालवीय, पूर्णिमा साहू और विनीता सोलंकी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं में पोषण और शिशु स्वास्थ्य को लेकर काफी जागरूकता देखने को मिली।

ग्रीन पॉइंट मॉन्टेसरी स्कूल में इंटरैक्ट क्लब का स्थापना समारोह सम्पन्न

छात्रों को विशेष रूप से 'फेलोशिप तथा लीडरशिप' के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ग्रीन पॉइंट मॉन्टेसरी एंड स्कूल में 'इंटरैक्ट क्लब ऑफ ग्रीन पॉइंट' का स्थापना समारोह अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस विशेष आयोजन में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन संस्कार कोठारी और फर्स्ट लेडी रोटेरियन दीप्ति कोठारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

समारोह के दौरान वर्ष 2026-27 के लिए क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें इंटरैक्ट मितिशा झा ने क्लब के अध्यक्ष, अपोंगला जामिर ने सचिव और वासु चिचवारे ने कोषाध्यक्ष के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया।

नेतृत्व और समाज सेवा पर चर्चा

शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत नव-निर्वाचित पदाधिकारियों और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के बीच



आगामी रोटरी वर्ष की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य अतिथि गवर्नर कोठारी ने युवा टीम का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विभिन्न नई सेवा परियोजनाओं की रूपरेखा सुझाई। उन्होंने छात्रों को विशेष रूप से 'फेलोशिप तथा लीडरशिप' (आपसी भाईचारा और नेतृत्व क्षमता) के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे भविष्य के सशक्त नागरिक बन सकें।

वृक्षारोपण के साथ हुआ समापन

कार्यक्रम का समापन प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के साथ किया गया। इस पहल के माध्यम से उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण का एक कड़ा और सकारात्मक संदेश दिया गया।

यह रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से रोटेरियन संस्कार कोठारी (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर), रोटेरियन दीप्ति कोठारी (फर्स्ट लेडी), रोटेरियन रितेश शर्मा (डिस्ट्रिक्ट सचिव) के साथ-साथ ग्रीन पॉइंट मॉन्टेसरी एंड स्कूल के प्राचार्य डॉ. वाटी जामिर उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल नेतृत्व और सेवा का प्रतीक बना, बल्कि आने वाले वर्ष के लिए इंटरैक्ट क्लब की एक मजबूत दिशा भी तय कर गया।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से सांसद माया नारोलिया ने की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु से शिष्टाचार भेंट की।

मुलाकात के दौरान नर्मदापुरम जिले के पर्यटन विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात में विशेष रूप से पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण पचमढ़ी हवाई पट्टी के विकास तथा मढ़ई पर्यटन स्थल के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू किए जाने के विषय पर विचार-विमर्श किया गया। सांसद माया नारोलिया ने बताया कि इन सुविधाओं के विकसित होने से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को भी बेहतर हवाई संपर्क का लाभ मिल सकेगा।

इस अवसर पर झालावाड़ लोकसभा सांसद दुष्यंत सिंह, लोकसभा सांसद श्रीकांत शिंदे तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया भी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

कुंडी टोल प्लाजा पर लगी वाहनों की लंबी कतार

शाहपुर। मुख्यालय से लगभग 4 किलोमीटर दूर कुंडी टोल प्लाजा पर 3.00 बजे के लगभग वाहनों की लंबी कतार लगी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंडी टोल प्लाजा के कर्मचारियों से जब इस लंबे कतार वाहनों की लाइन के बारे में पूछा गया। तो उन्होंने बताया कि लाइट गोल हो गई है। टोल पर गाडिय़ां बहुत समय तक खड़ी रही और यात्रा करने वाले राहगीर परेशान होते रहे। इस संबंध में कुंडी टोल प्लाजा के मैनेजर से बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि मैं देखता हूं क्या स्थिति है।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत पर मनाया जश्न

शाहपुर। दतिया उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर नगर के कांग्रेसियों ने जश्न मनाया। कहा कि यह कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, जनता के विश्वास और लोकतंत्र की जीत है। दतिया उपचुनाव के परिणामों के माध्यम से जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है। जनता विकास, रोजगार, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, माताओं-बहनों की सुरक्षा, किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य तथा जनहित की राजनीति चाहती है। जनता ने यह भी जता दिया है कि अहंकार, भ्रामक वादों और नकारात्मक राजनीति से अधिक महत्वपूर्ण जनसेवा और विकास है। यह जीत केवल एक विधानसभा की जीत नहीं, बल्कि जनविश्वास, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनआकांक्षाओं की जीत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष पहलवान सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र शुक्ला, अंबिका मिश्रा, सरोज परते, शांतनु तिवारी, मनीष परसाई, आयुष शुक्ला, अरमान वर्मा, नगर अध्यक्ष रिंकू उपेंद्र वर्मा, संतोष सराटकर, ओमप्रकाश गुप्ता मौजूद रहे।

संपर्क अभियान के तहत आयोजित होंगे शिविर

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से संपर्क अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-1 के प्रबंधक ने बताया कि 6 अगस्त को सिल्वर स्टेट लॉन नागदेव मंदिर खंजनपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में अर्जुन वार्ड के उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वहीं 10 अगस्त को आंगनवाड़ी केंद्र विवेकानंद वार्ड बैतूल में सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में विवेकानंद वार्ड के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधित समस्याओं का निराकरण होगा। इसके अलावा 12 अगस्त को इंडस्ट्रियल एरिया कोसमी बैतूल में सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में इंडस्ट्रियल एरिया कोसमी के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधित समस्याओं और शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

रक्षाबंधन पर डाक विभाग की विशेष सुविधा

बैतूल। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाई-बहनों तक समय पर राखी पहुंचाने के उद्देश्य से डाक विभाग द्वारा प्रधान डाकघर बैतूल में विशेष राखी डाक बुकिंग काउंटर की व्यवस्था की गई है। यह विशेष काउंटर 3 अगस्त से 27 अगस्त 2026 तक रविवार एवं अन्य अवकाश को छोडक़र प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक संचालित रहेगा। अधीक्षक डाकघर छिंदवाड़ा ने बताया कि इस विशेष काउंटर के माध्यम से नागरिक स्पीड पोस्ट एवं पार्सल सेवा द्वारा राखी के साथ उपहार सामग्री भी आसानी से भेज सकेंगे। इसके अलावा विदेश में रहने वाले भाई-बहनों के लिए इंटरनेशनल स्पीड पोस्ट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे कई देशों में ट्रैकिंग सुविधा के साथ राखी भेजी जा सकेगी। डाक विभाग ने बताया कि सावन माह को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए गंगाजल वितरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की है कि रक्षाबंधन के अवसर पर उपलब्ध कराई गई इन विशेष सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

एयरफोर्स ज्वाइन करने से पहले रची गई मौत की साजिश

जूते, मोबाइल ने खोला युवक की हत्या का राज

जमीन का लालच, पुरानी रंजिश ने ली युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



आठनेर पुलिस ने पुसली के एक युवक की हत्या का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस हत्याकांड से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच में जुट गई। 25 जुलाई 2026 को थाना आठनेर में ग्राम पुसली निवासी मोहित पिता मंचित गलफट के घर नहीं लौटने पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई। इस पर आठनेर थाना पुलिस ने धारा 140(3) बीएनएस की पंजीबद्ध कर तलाश शुरू कर दी। अगले दिन 26 जुलाई 2026 को परिजनों ने खेत के समीप मृतक के जूते एवं मोबाइल संदिग्ध अवस्था में पड़े होने की सूचना दी। थाना प्रभारी आठनेर निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे एवं घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। घटनास्थल की परिस्थितियां संदिग्ध पाए जाने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट निरीक्षक आबिद अंसारी ने घटनास्थल का वैज्ञानिक परीक्षण कर महत्वपूर्ण भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य संकलित किए। मामले की जांच के लिए गठित टीम ने खेत में बने सभी 3-4 कुओं की गहन तलाशी ली। इस दौरान एक कुएं से मोहित का शव बरामद हुआ। शव के गले में वायर कसकर लिपटा हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में



(मृतक मोहित गलफट पिता मंचित)

गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि होने पर प्रकरण में हत्या की धाराओं 103(1), 238 बीएनएस का इजाफा किया गया।

20 दिन पहले रची थी साजिश

विशेष जांच दल ने तकनीकी विश्लेषण, वैज्ञानिक साक्ष्यों, घटनास्थल निरीक्षण के आधार पर कुछ संदिग्धो से पूछताछ की। मेमोरेंडम के आधार पर जो तथ्य सामने आए, वे अत्यंत चौंकाने वाले हैं। जांच में सामने आया कि हत्या की योजना लगभग 20 दिन पूर्व ही बना ली गई थी। मृतक मोहित की बहन शिवानी ने राजा मस्की के साथ प्रेम विवाह किया था। इसके बाद राजा मस्की की नजर अपने ससुर मंचित गलफट की लगभग 7-8 एकड़ कृषि भूमि पर थी। राजा मस्की का मानना था कि यदि मोहित रास्ते से हट जाएगा, तो भविष्य में यह जमीन उसकी पत्नी शिवानी के माध्यम से उसके कब्जे में आ सकती है। दूसरी ओर संजय एवं आकाश का परिवार भी मंचित एवं मोहित से वर्षों से खेत, सिंचाई, पाइप लाइन, कुएं के पानी तथा खेत में पार्टी करने को लेकर रंजिश रखता था। इन विवादों के कारण दोनों पक्षों में लगातार मनमुटाव बना हुआ था।

पुरानी रंजिश बनी हत्या का कारण

जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि जब संजय एवं आकाश ने अपने परिवार में इस विवाद का उल्लेख किया, तब आकाश के पिता नारायण ने भी उन्हें मोहित को रास्ते से हटाने के लिए उकसाया तथा यह विश्वास दिलाया कि घटना के बाद वह उन्हें बचा लेगा। इसी दौरान आरोपियों को जानकारी मिली कि मोहित का चयन भारतीय वायुसेना में हो चुका है तथा उसे 26 जुलाई 2026 को प्रशिक्षण के लिए रवाना होना है। आरोपियों को आशंका थी कि यदि मोहित नौकरी पर चला गया, तो भविष्य में उनकी योजना कभी सफल नहीं होगी। इसी कारण हत्या की साजिश को तत्काल अंजाम देने का निर्णय लिया गया। राजा मस्की, संजय एवं आकाश ने लगभग 20 दिन पहले बैठकर हत्या की पूरी योजना तैयार की थी और तय किया कि मोहित की हत्या कर शव को इस प्रकार छिपाया जाएगा कि घटना दुर्घटना अथवा गुमशुदगी प्रतीत हो।

मोबाइल, जूतों ने उगला हत्या का राज

25 जुलाई 2026 की रात मोहित एयरफोर्स में चयन की खुशी में गांव के मंदिर में प्रसाद चढ़ाने एवं वितरण के लिए गांव की दुकान से सोनपपड़ी खरीदकर लौट रहा था। इसी दौरान संजय एवं आकाश उसे दूसरे मंदिर चलने का बहाना बनाकर मोटरसाइकिल पर बैठाकर गांव से बाहर खेत स्थित झोपड़ी पर ले गए, जहां राजा मस्की पहले से मौजूद था। झोपड़ी में पहुंचते ही तीनों आरोपियों ने मोहित को पकड़ लिया। संजय एवं राजा ने उसके दोनों हाथ पकड़ लिए, जबकि आकाश ने वायर उसके गले में कई बार लपेटकर कस दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को बोरी में भरकर खेत में बने तीसरे कुएं में फेंक दिया। पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से मृतक के जूते दूसरे कुएं के पास फेंक दिए, जबकि संघर्ष के निशान पहले कुएं के पास छोड़े गए। मृतक का मोबाइल आरोपी की झोपड़ी में ही छूट गया था, जो बाद में विवेचना में महत्वपूर्ण साक्ष्य सिद्ध हुआ।

आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

आरोपियों ने ऐसा स्थान चुना था जहां सामान्यतः कोई नहीं आता-जाता, जिससे उन्हें विश्वास था कि हत्या का लंबे समय तक खुलासा नहीं हो सकेगा। किंतु पुलिस की वैज्ञानिक विवेचना, तकनीकी विश्लेषण एवं घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्यों ने पूरे षड्यंत्र का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने आरोपी संजय उर्फ पिंटिया गलफट पिता वामन गलफट, निवासी ग्राम पुसली, आकाश पिता नारायण गलफट, निवासी पुसली और राजा मस्की पिता उमेश मस्की निवासी पूसली (मृतक का जीजा) को गिरफ्तार कर न्यायालय भैंसदेही में प्रस्तुत किया, वहीं प्रकरण में अन्य व्यक्तियों की भूमिका होने की भी जांच अभी जारी है।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में एसडीओपी भैंसदेही भूपेन्द्र सिंह मौर्य, एसडीओपी मुलताई शिवकुमार सिंह, उप पुलिस अधीक्षक दिनेश आर्मो, थाना प्रभारी आठनेर निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट निरीक्षक आबिद अंसारी, निरीक्षक अंजना धुर्वे, उप निरीक्षक मांगीलाल ठाकरे, सउनि दिनेश धुर्वे, सउनि गंभीर रघुवंशी, सउनि संतोष चौधरी, प्रधान आरक्षक निर्मल पवार व पंकज बटके , आरक्षक नितिन चौहान, आर अनिरूद्ध यादव, आरक्षक मनीष पटेल, आरक्षक विप्लव मिरासी आरक्षक बीरबल मीणा, प्रधान आरक्षक सुभाष माकोड़े, साइबर सेल आर. राजेंद्र धाडसे एवं विशेष जांच दल के अधिकारियों/कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सामाजिक जन कल्याण समिति की बैठक आज

बैतूल। सामाजिक जन कल्याण समिति जिला बैतूल की महत्वपूर्ण बैठक आज 5 अगस्त बुधवार को सुबह 11 बजे शहीद भवन में आयोजित होगी। समिति अध्यक्ष सूरजलाल मण्डलेकर की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में समाज सेवा से जुड़े विभिन्न मुद्दों के साथ वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में सदस्यता अभियान को गति देने, महिला मंडल के विस्तार और संगठन को अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने की रणनीति तैयार की जाएगी। समिति के सचिव शिवदयाल चौकीकर ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के जरूरतमंद विद्यार्थियों को कॉपी-पेन वितरित करने की योजना पर निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा वृद्धाश्रम में भोजन दान जैसे सेवा कार्यों के आयोजन पर भी विचार-विमर्श होगा।

मेंटनेंस के कारण आज 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा 5 अगस्त को 33/11 केव्ही कोसमी उपकेंद्र के 11 केव्ही रामनगर फीडर का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। मेंटेनेंस कार्य के चलते बुधवार को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक 11 केव्ही रामनगर फीडर के गर्ग कॉलोनी, अचलपुर नाका, रामनगर, पटवारी कॉलोनी जय प्रकाश वार्ड, उदय परिसर, डान बॉस्को, खाकरा जामठी आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-1 के प्रबंधक ने बताया कि किन्हीं अपरिहार्य कारणों से विद्युत कटौती के समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

10 को होगा भोलेनाथ का जलाभिषेक

7 अगस्त से निकलेगी सर्व मंगल कांवड़ यात्रा, तैयारियां शुरू



मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई से प्रतिवर्ष श्रावण मास में निकलने वाली विशाल सर्व मंगल कावड़ यात्रा की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। यह यात्रा 7 अगस्त को मां ताप्ती उद्गम स्थल से प्रारंभ होकर 10 अगस्त को प्राचीन शिवधाम सालबर्डी पहुंचेगी, जहां कांवड़िए मां ताप्ती के पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। भाजपा प्रवक्ता रामचरण मालवीय ने बताया कि ताप्ती उद्गम स्थल से प्राचीन शिवधाम सालबर्डी तक निकलने वाली चतुर्थ सर्व मंगल कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर नेहरू वार्ड स्थित नागदेव मंदिर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा को इस वर्ष और अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 अगस्त को कांवड़िए ताप्ती तट से मां ताप्ती का पवित्र जल कांवड़ में भरकर यात्रा प्रारंभ करेंगे। प्रथम दिन यात्रा मुलताई से आष्टा पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम होगा। 8 अगस्त को यात्रा आष्टा से गेहूंबारसा के लिए प्रस्थान करेगी और वहीं रात्रि विश्राम करेगी। 9 अगस्त को गेहूंबारसा से रवाना होकर कावड़ यात्रा सालबर्डी पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु रात्रि विश्राम करेंगे। 10 अगस्त की सुबह सभी कांवड़िए शिवधाम स्थित गुफा मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक एवं पूजन करेंगे।

फसल में कीटनाशक के अत्यधिक प्रयोग से धरती हो रही है बंजर: धुर्वे

प्रस्फुटन समिति शक्ति संचय अंतर्गत प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

बैतूल। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर द्वारा राज्य के निर्देशानुसार संवाद योजना अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के तहत चयनित नवांकुर संस्थाओं,ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों,परामर्शदाताओं एवं सी एम इंटर्न की क्षमता वृद्धि हेतु एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड कार्यालय आठनेर में किया गया।

अतिथि परिचय एवं स्वागत के पश्चात जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक संतोष राजपूत ने विकासखंड की चयनित प्रस्फुटन समितियों से उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए परिषद के उद्देश्यो एवं कार्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास में समितियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।समितियां ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडऩे के साथ-साथ कृषि, पर्यावरण, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं आजीविका से जुड़े विषयों पर जनजागरूकता का कार्य प्रभावी रूप से करें। आगामी नवांकुर सखी कार्यक्रम की रूपरेखा को बताते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। विकासखंड समन्वयक मधु चौहान ने विकासखंड में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा किए जा रहे



विभिन्न कार्यों की जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों को दी। उन्होंने आगामी अगस्त माह के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन एवं संवाद के साथ प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी एवं मार्गदर्शन को अपने-अपने ग्रामों में जनहित और ग्राम विकास की गतिविधियों में उपयोग करने,ग्रामों के सर्वांगीण विकास,जनभागीदारी को मजबूत करने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ किया गया।

सड़क हादसे में फोटोग्राफर की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



नागद्वारी दर्शन से लौट रहे 24 वर्षीय फोटोग्राफर की सडक़ हादसे में मौत हो गई। हादसा सोमवार देर रात बैतूल-आमला रोड पर ग्यारसपुर के पास हुआ। वहां एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान महदगांव निवासी आकाश (24) के रूप में हुई है। आकाश पेशे से फोटोग्राफर था। जानकारी के अनुसार, आकाश अपने 4 दोस्तों के साथ नागद्वारी दर्शन के लिए गया था। लौटते समय मोरखा के पास उसके एक साथी की बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। इसके बाद आकाश पेट्रोल की व्यवस्था करने के लिए निकला था। इसी दौरान बैतूल-आमला रोड पर ग्यारसपुर के पास पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सडक़ किनारे बने डिवाइडर से जा टकराया। हादसे में उसके सिर और जबड़े में गंभीर चोटें आईं। साथियों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और अन्य सबूत के आधार पर दुर्घटना करने वाले वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएं अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

लापरवाही पर जूनियर इंजीनियर के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को चिचोली जनपद कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण सडक़, नाली, बिजली, अतिक्रमण, राजस्व, सीमांकन, पारिवारिक विवाद से जुड़ी शिकायतों को लेकर पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने चिचोली जनपद से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर आवेदकों की उपस्थिति में सुनवाई की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं धनियाजाम पंचायत की शिकायतों की कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा एडिशनल सीईओ को जांच करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर ने लगभग 123 आवेदनों पर सुनवाई की। जनसुनवाई में ग्राम चूडय़ी निवासी सालकराम यादव ने कृषि भूमि पर विद्युत कनेक्शन लगवाए जाने आवेदन दिया। आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुन कलेक्टर ने लापरवाही पर संबंधित जूनियर इंजीनियर के विरुद्ध कार्रवाई करने और शीघ्र कनेक्शन देने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम चूडय़ी के ग्रामीणों ने बिजली विभाग द्वारा सडक़ पर खंबे गाडऩे से आवागमन बाधित होने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने एमपीईबी के अधिकारियों को बिजली पोल शिफ्टिंग करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम जीन निवासी धर्मेंद्र धोटे द्वारा बिजली पोल लगाए जाने की आवेदन पर कलेक्टर ने एमपीईबी के जीएम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने की पुल और बैराज बनाने की मांग

जनसुनवाई में ग्राम चूडिय़ी के ग्रामीणों द्वारा मोरण्ड एवं कोंढर नदी पर पुल निर्माण किए जाने के आवेदन पर कलेक्टर ने पीएमजीएसवाई के अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार रामकिशन यादव द्वारा मोरण्ड नदी पर बैराज बनाने के आवेदन पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के ईई को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। गंगाराम द्वारा भूमि से संबंधित जानकारी दस्तावेज एवं भूमि जांच करवाए जाने के आवेदन पर कलेक्टर ने वन विभाग को जांच कर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम सिपलई निवासी राजीव सोनी ने खेत में बनाई गई सीमेंट रोड की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने चिचोली तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए।

पांच मंदिरों में चोरी के आरोपी का हुलिया जारी

बैतूल। मैंसदेही और चिचोलीढाना क्षेत्र के पांच मंदिरों में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने मंगलवार को अज्ञात आरोपी का हुलिया जारी किया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तस्वीरें सार्वजनिक कर लोगों से उसकी पहचान बताने की अपील की गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी सबसे पहले नागझिरी मंदिर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था। फुटेज में वह माता की चुनरी ओढ़े और मुंह पर लाल कपड़ा बांधे दिख रहा है। सीसीटीवी में आरोपी देर रात मंदिर के भीतर बेखौफ घूमता नजर आ रहा है। उसने मोबाइल की रोशनी से दान पेटी में रखी रकम का अंदाजा लगाया और इसके बाद दान पेटी लेकर फरार हो गया। वारदात को अंजाम देने से पहले आरोपी ने मंदिरों के आसपास बने घरों के मुख्य दरवाजों को बाहर से बंद कर दिया था, ताकि कोई व्यक्ति बाहर निकलकर उसका विरोध न कर सके। इसके बाद उसने मैंसदेही और चिचोलीढाना क्षेत्र के पांच प्रमुख मंदिरों की दान पेटियों को निशाना बनाया। घटना के बाद पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके से फिंगरप्रिंट सहित अन्य तकनीकी साक्ष्य जुटाए हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि जारी किए गए हुलिए के आधार पर किसी व्यक्ति की पहचान होती है या उससे संबंधित कोई भी जानकारी हो तो तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। आरोपी की तलाश में विभिन्न स्थानों पर दबिश भी दी जा रही है।

एबीवीपी ने जिला कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

मूलतापी महाविद्यालय पर अनियमितताओं के गंभीर आरोप, जांच समिति गठन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने मूलतापी महाविद्यालय प्रबंधन पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर पांच बिंदुओं की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुपस्थिति में यह ज्ञापन सी.पी. पाल को सौंपा गया।

विद्यार्थी परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन विद्यार्थियों के हित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मूलतापी महाविद्यालय एक ही छोटे से परिसर में आईटीआई, डी.एल.एड., बी.एड. सहित अन्य पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है, जबकि अधिकांश कक्षाएं केवल दो कमरों में संचालित की जा रही हैं। महाविद्यालय में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं है तथा प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) पाठ्यक्रमों की प्रयोगशालाएं और नियमित प्रैक्टिकल कक्षाएं भी संचालित नहीं हो रही हैं।विद्यार्थी परिषद ने यह भी आरोप लगाया कि बी.एड. एवं डी.एल.एड. के विद्यार्थी नियमित रूप से महाविद्यालय नहीं आते और केवल परीक्षा के समय ही उपस्थित होते हैं। नियमित शिक्षण कार्य नहीं हो रहा है तथा शिक्षक केवल दस्तावेजों में दर्ज हैं। वास्तविक रूप से महाविद्यालय में शिक्षण व्यवस्था नहीं होने का भी आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि महाविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों से अधिक शुल्क वसूलकर आर्थिक अनियमितताएं की जा रही हैं। परिषद ने आरोप लगाया कि कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) राउंड में रिक्त सीटों पर ऑनलाइन प्रवेश का अधिकार मिलने के बाद प्रति सीट लगभग एक लाख रुपये तक लेकर सीटों की कथित कालाबाजारी की जा रही है। एबीवीपी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच के लिए समिति गठित कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में नगर मंत्री दीपेंद्र पवार, नगर सह मंत्री प्रणव पवार, नगर सह मंत्री रवि तायवाड़े, नगर सह मंत्री शुभम खवाड़े, सोशल मीडिया प्रमुख आयुष पाटिल, खेलो भारत सह संयोजक दिशा पवार, सोशल मीडिया प्रमुख विशाल पाटिल, सक्रिय कार्यकर्ता नवीन जैन, पीयूष तायवाड़े, राज धामने, अरुण खेड़ले, निलेश पवार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

मूंग उपार्जन में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो : कलेक्टर

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक आयोजित कर मूंग उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी मूंग उपार्जन केन्द्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा पूरी प्रक्रिया की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों से पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से मूंग का उपार्जन किया जाए तथा किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।
बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि व्यापारी किसी भी स्थिति में किसानों के नाम पर अथवा अन्य किसी माध्यम से उपार्जन केन्द्रों पर मूंग का विक्रय न कर सकें। इसके लिए राजस्व, कृषि, खाद्य, सहकारिता एवं मंडी विभाग संयुक्त रूप से प्रभावी निरीक्षण अभियान संचालित करें। यदि किसी प्रकार की अनियमितता अथवा नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि मूंग उपार्जन शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि उपार्जन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित एवं किसान हितैषी रहे।

वरिष्ठ समाजसेवी पंडित दशरथ पांडे का निधन

सीहोर। क्षेत्र के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय पंडित गोविंदराम पांडे मंडलोई के भतीजे, स्वर्गीय पं. बद्रीप्रसाद पांडे के पुत्र,पं. पुरुषोत्तम पांडे, पं. चंद्रनरेश पांडे, पं. बाबूलाल पांडे, पं. कमलकिशोर पांडे के भाई पं. विनय पांडे पं. मनोज पांडे के काकाजी पंडित योगेंद्र शुभम विजय अजय आकाश मोहित के ताऊजी पंडित दशरथ पांडे का निधन हो गया। वह अत्यंत सरल, सहज, मृदुभाषी, मिलनसार और धार्मिक प्रवृत्ति के धनी व्यक्ति थे। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम यात्रा उनके निज निवास से निकाली गई।



महिला पुरुषों ने निकाली पैदल कांवड़ यात्रा रेवाबनखेड़ी नर्मदा घाट से पहुंचे मनकवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में ग्राम मनकवाड़ा में ख्यात शिव मंदिर स्थित है। जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। श्रावण मास में यहां विशेष पूजा कार्यक्रम व कावड़ यात्रा जैसे आयोजन होते हैं। इसी क्रम में सोमवार दोपहर सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र के 100 से अधिक महिला पुरुषों ने पैदल कावड़ यात्रा निकाली है। क्षेत्रवासी श्रद्धालुओं ने बताया कि वे सभी सोमवार सुबह लगभग 10 बजे रेवा बनखेड़ी नर्मदा घाट पर एकत्रित हुए। जहां से कावड़ों में नर्मदा जल लेकर पैदल ही सोहागपुर की ओर रवाना हुए। सोहागपुर पहुंचकर यात्रियों ने कुछ समय विश्राम किया। फिर शिवभक्त यहां से पैदल ग्राम मनकवाड़ा के शिवालय की ओर रवाना हुए।
सोमवार शाम लगभग 7:30 बजे सभी शिवभक्त कावड़ों में नर्मदा जल लेकर ग्राम मनकवाड़ा के शिवालय पहुंचे। जहां शिवभक्तों ने भूत भावन भगवान भोलेनाथ का नर्मदा जल से अभिषेक किया। इसके बाद मंदिर विशेष पूजन आयोजन हुआ। जिसके बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अद्भुत कावड़ यात्रा में सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र के लगभग 150 महिला पुरुष शिवभक्त स्वैच्छिक रूप से सम्मिलित हुए। आयोजन आम शिवभक्तों ने स्वस्फूर्त भाव से किया, किसी भी संस्था की ओर से यह आयोजन नहीं था।

माखन नगर में जगह-जगह हुआ, जटाशंकर कांवड़ यात्रा का स्वागत



माखन नगर। गायत्री परिवार लायंस क्लब , भारत विकास परिषद,पतंजलि परिवार,योग मिलन साधना परिवार, सखी सहेली ग्रुप , ने जटाशंकर कांवड़ यात्रा का माखन नगर पहुंचने पर सुश्री राजो मालवीय का पुष्प हार से एवं स्वल्पाहार करवाकर किया स्वागत। कावड़ यात्रा का नगर में प्रवेश करने पर कुठारिया एवं मुख्य मार्ग पर जगह-जगह स्वागत अभिनंदन किया गया गायत्री मंदिर में लायंस क्लब अध्यक्ष राजेश मीणा,सचिव मोहित चौहान कोषाध्यक्ष आनंद राठौड़ उपाध्यक्ष उल्लास पाटनी,ला सुरेश अग्रवाल ला महेश खण्डेलवाल ,ला अजीत सेठी,ला उपादान डेरिया,दीपक वर्मा ,राजेंद्र राजपूत,ला अटल संजय वर्मा ,निर्मल मलवीय ,खंडेलवाल ,सुनील राजपुत , एवं सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन ला सुरेश अग्रवाल एवं आभार रामसिंह पटेल द्वारा किया गया।

एसडीएम ने भोपाल पहुंचाई समस्या की सूचना, एक्सपर्ट्स से ली जा रही सलाह

बायोमेट्रिक बाधा के कारण किसानों को नहीं हो रहा भुगतान, हो रहे परेशान

मूंग खरीदी प्रक्रिया में अब एक नई समस्या सामने आ रही है। जिससे किसानों को मूंग बेचने के बाद भुगतान नहीं हो रहे है। जिससे किसान परेशान हैं, पहले स्लाट बुकिंग अब एक नई समस्या आने से किसानों में नाराजगी दिखाई दे रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मूंग खरीदी प्रक्रिया में अब एक नई समस्या सामने आ रही है। जिसमें कुछ किसानों को मूंग बेचने के बाद बायोमेट्रिक बाधा के कारण भुगतान नहीं हो रहा है। जिससे किसान परेशान हैं। मामले में एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने प्रदेश की राजधानी स्तर तक सूचना भेजी है।
ब्लॉक सोहागपुर के ग्राम माछा निवासी किसान नारायण सिंह पुर्विया ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही उन्होंने भाग्य श्री वेयरहाउस में 35 क्विंटल मूंग बेची थी। जिसके बाद जब वे सोमवार को भुगतान की बात करने गए तो बायोमेट्रिक मशीन पर उनके अंगूठा निशानी स्वीकार नहीं हो रही है। जिसके कारण बिल नहीं कट पा रहा है। अन्य किसानों ने भी इस तरह की समस्याएं बताई है कि बायोमेट्रिक सिस्टम पर थंब इंप्रेशन स्वीकृत नहीं होने के कारण भुगतान के बिल नहीं कट पा रहे हैं। यह बाधा अब नए सिरे से किसानों के असंतोष का कारण बन सकती है। जरूरी है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बिलिंग समस्या में आ रही बाधा को दूर करे।

भोपाल भेजी है सूचना



मामले में हरिभूमि प्रतिनिधि ने मंगलवार को सोहागपुर एसडीएम डॉक्टर बबीता राठौर से चर्चा की। उन्होंने बताया कि किसान नारायण सिंह पुर्विया व अन्य किसानों ने इस बाबत सूचना दी है कि बायोमेट्रिक सिस्टम की बाधा के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। डॉ. राठौर ने बताया कि उन्होंने उक्त संबंध में खरीदी व्यवस्था से जुड़ी अन्य एजेंसियों के अधिकारियों से भी चर्चा की है। साथ ही भोपाल स्तर तक चर्चा की है कि किस तरह से बायोमेट्रिक सिस्टम की बाधा को दूर किया जाए। ताकि किसानों को अविलंब भुगतान हो सके। उन्होंने इस संबंध में स्थानीय स्तर पर बायोमेट्रिक सिस्टम के तकनीकी जानकारों तथा कंप्यूटर एक्सपर्ट से भी चर्चा करने की जानकारी हरिभूमि को दी है। एसडीएम डॉक्टर राठौर ने कहा कि कृषकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं।

आंखों की पुतली दूसरा विकल्प

इधर बायोमेट्रिक सिस्टम के जानकारों ने बताया कि आधार कार्ड जनरेशन सिस्टम में संबंधित व्यक्ति की मात्र अंगूठा निशानी ही एकमात्र विकल्प नहीं होती है। इसके अलावा आंखों की पुतलियों से भी बायोमेट्रिक सिस्टम को एक्टिव किया जा सकता है। क्योंकि आधार कार्ड में ये दोनों ही विकल्प उपलब्ध होते हैं। लेकिन किसानों का कहना है कि मूंग खरीदी समितियां के प्रबंधक तथा ऑपरेटर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वे किसानों से मात्र अंगूठा निशानी मशीन पर लेकर बिल काटने का प्रयास कर रहे हैं। बायोमेट्रिक सिस्टम एक्सपर्ट्स का कहना है कि प्रशासन ने उनसे संपर्क किया है तथा वे किसानों की समस्या के निराकरण के लिए इस मामले में सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

ग्राम करनपुर में बिजली संकट, खराब पड़ी डीपियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक मुख्यालय से महज चार किलोमीटर दूर तथा स्टेट हाईवे किनारे बसे ग्राम करनपुर में बिजली वितरण की बड़ी बाधा बनी हुई है। ग्रामवासी मनोज ठाकुर व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत कंपनी एवं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से पूरा गांव जूझ रहा है। मनोज ठाकुर के अनुसार गांव की तीन डीपी वर्तमान में खराब पड़ी हैं। और मामले में ना ही बिजली विभाग के आला अधिकारी सुन रहे हैं, ना ही जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं। जिसके चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित है।
आमजन अपनी मूलभूत बिजेली संबंधी सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि खराब डीपियों को बार-बार सूचना के बाद भी पोलों से उतारा नहीं गया है। खराब पड़ी डीपियां अभी भी बिजली कंपनी के पोलों पर लगी हुई हैं। गांववासियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से निवेदन किया है कि उक्त समस्या का समाधान किया जाए।

मोहम्मद हुसैन की शहादत दिवस पर निकाला गया मातमी जुलूस



पिपरिया। नगरपालिका परिषद क्षेत्र में इतवारा बजार में निवासरत ईरानी समुदाय ने महिलाओं पुरुषों ने बच्चों सहित मातमी जुलूस निकाला गया। इस दौरान समुदाय के लोगों ने हाथ में झंडा लिए पालकी चादर निकाली गई एवं अपने सीने में अनेक जख्म लिए। यह मातमी जुलूस या हुसैन अलैहिस्सलाम के शहादत दिवस पर निकाला गया।

प्रशासन का नौसिखियापन, जीरो गिट्टी के कारण फिसल रहे वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में वाइन शॉप के सामने जलभराव समस्या वर्षों से है। जहां हुए गहरे गड्ढों में प्रशासन ने जीरो गिट्टी डालकर पुराव किया है। लेकिन जीरो गिट्टी बिना रेत व बजरे के डाली गई है। जिसके कारण गड्ढों में पड़ी गिट्टी वाहनों के दबाव से फिसल रही है। खासकर दोपहिया वाहन जब गड्ढों में भरी गिट्टी से निकाले जाते हैं तो फिसलते हैं एवं चालक गिर रहे हैं। नागरिकों ने इस प्रशासनिक नौसिखियापन पर आश्चर्य व्यक्त किया है तथा स्थाई समाधान की मांग की है।

मूंग तुलाई तथा खाद्य वितरण को लेकर किसानों ने किया चक्का जाम, विरोध प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया विकासखंड में खापरखेड़ा में समर्थन मूल्य में मूंग खरीदी केंद्र पर खापरखेड़ा के गाड़ाघाट सेवा सहकारी समिति प्रबंधक के लिए वंशिका वेयरहाउस में खरीदी की जा रही थी। लेकिन वेयरहाउस में जगह कम होने के कारण तुलाई करने में परेशानी हो रही थी।तो किसानों ने हाइवे पर भी चक्का जाम कर दिया गया। इसी तरह से मध्यप्रदेश राज्य विपणन संघ डबल लाक में खाद डीएपी खाद यूरिया खाद वितरित नहीं करने पर किसानों ने चक्का जाम कर दिया गया।याद रहे एक दिन पूर्व ही किसानों ने चक्का जाम कर विरोध जताया गया था। जिसके कारण लगातार जनता परेशान होती है।इस पर शासन को ध्यान देना चाहिए। जाम का मुख्य कारण ई टोकन सिस्टम से सुधार करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। लेकिन किसानों ने तत्काल प्रभाव से खाद देने का दबाव बनाया जा रहा था। ऐसी स्थिति में तहसीलदार वैभव बैरागी ने बताया कि जिला कलेक्टर के आदेश अनुसार हि खाद डीएपी खाद यूरिया खाद का वितरण किया जाएगा।जिन किसानों ने शासन की वगैर अनुमति के तथा वगैर सूचना दिए ही चक्का जाम किया गया है। ऐसे किसानों पर कार्यवाही की जावेगी। वंशिका वेयरहाउस के पूर्ण भराव के बाद अन्य दो वेयरहाउस खरीदी केंद्र के लिए दिए गए हैं।

सांदीपनि विद्यालय में सम्मलित होगी एक दर्जन शासकीय शालाएं, शिक्षक भी होंगे समायोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के लगभग 12शासकीय प्राथमिक शाला माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य से लेकर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र को भी शामिल किया जा रहा है। सांदीपनि विद्यालय में जिसके कारण शिक्षक शिक्षिकाओं की पूर्ति हो सकेगी। लगभग 300के आसपास छात्राओं छात्र को शामिल किया जा रहा है। तथा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को भी शामिल किया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों में शिक्षक शिक्षिकाओं की कमी होने तो कहीं विद्यालय भवन नहीं है।
शासकीय स्कूलों का हाल बेहाल है कहीं भवन क्षतिग्रस्त हो गया है तो कहीं पर 2या 1 ही बच्चों में दो शिक्षक शिक्षिका है।तो ऐसी स्थिति मे बच्चों की पढ़ाई तो प्रभावित हो रही है।साथ ही शिक्षक शिक्षिकाओं की लापरवाही अनुपस्थिति भी लगातार मिलती है। कहीं कही पर मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत भी लापरवाही सरेआम दिखाई दे रही है। ऐसी समस्या बढ़ती देख कर ऐसे सभी विद्यालयों को शामिल किया जा रहा है।
प्राचार्य संजीव दुबे एवं उच्च शिक्षक पी एन दुबे ने बताया कि लगभग 1400 बच्चों की संख्या अभी है। लेकिन क्षमता अभी 2200के आसपास लगभग से। शिक्षक शिक्षिकाओं का आना जाना भी हो रहा है। लेकिन 12विदयालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को शामिल किया जा रहा है। लेकिन पढ़ाई-लिखाई में कितना सुधार करने में सफल होंगे प्राचार्य। बिजली विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है ट्रांसफार्मर को लेकर इस विषय में दिनेश भदौरिया उपमहाप्रबंधक बिजली विभाग ने बताया कि भोपाल संभाग के खाते में ठेकेदार ने राशि जमा कराई गई थी। जबकि पिपरिया बिजली विभाग में राशि जमा कराई जाना चाहिए था। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही भोपाल से पिपरिया राशि ट्रांसफर नहीं हुई है। राशि आने पर कार्रवाई होगी। अभी पुराने मीटर से कार्य किया गया है। हालांकि अभी तक शासन के नियमानुसार सम्पूर्ण भवन नहीं दिया गया है। न ही सामग्रियां भी पूरी नहीं है।

समाजसेवी के जन्मदिवस पर पहल

पौधरोपण कर मनाया जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

युवा समाजसेवी नीतिराज सिंह यादव का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन पर मानागांव कोटगांव बागरातवा गूजरवाड़ा एवं अन्य ग्रामों में पर्यावरण , स्वच्छता , पौधरोपण के कार्यक्रम किए गए।
कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष माखननगर मनीष चतुर्वेदी,मंडल अध्यक्ष आरी विपिन यादव, सुरेश यादव पार्षद, हर्ष तिवारी,नीरज चतुर्वेदी,हरीश नामदेव,मनीष यादव, राकेश कीर, मुकेश यादव,पूनम मीना, मोनू मांझी, वीरेंद्र यादव,सतीश यादव, प्रदीप यादव, चंद्रमोहन यादव, वैशाली चौरे, रक्षा यादव, यशोदा यादव, मनोज परसाई, रीता यादव, मनोज यादव आदि ने बरगद, पीपल, नीम, बील, आंवला आदि के पौधे भेंट किये।



किया स्मृति चिन्ह भेंट, दी जन्मदिवस की शुभकामनाएं



जन अभियान परिषद अंतर्गत गठित नवांकुर संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान संकुल प्राचार्य विकेशसिह राजपूत एवं स्नेहीजनों ने नीतिराज सिंह यादव के जन्मदिन पर पौधारोपण किया तथा उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर उपस्थित व्यक्तियों ने उनको जन्मदिवस की शुभकामनाए दी गई।

पुलिस की तत्परता से युवती को सुरक्षित निकाला, समझाइश देकर परिजनों को सौंपा गया

नर्मदापुरम। शहर के समीपस्थ सोहागपुर थाना पुलिस को एक महिला द्वारा फांसी लगाने की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी सोहागपुर निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी के निर्देशन में एएसआई वरुण सिंह, आरक्षक क्रमांक मनोहर दायमा एवं महिला आरक्षक क्रमांक नेहा रघुवंशी तत्काल तिवारी कॉलोनी स्थित नरेश ठाकुर के निवास पर पहुंचे। पुलिस टीम द्वारा पीड़िता को कई बार आवाज लगाई गई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा दरवाजा तोड़कर प्रवेश किया गया। युवती को सुरक्षित बाहर निकाला गया तथा आवश्यक समझाइश दी गई। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा एएसआई वरुण सिंह, आरक्षक क्रमांक मनोहर दायमा एवं महिला आरक्षक क्रमांक नेहा रघुवंशी को सम्मानित किया गया।

नाम के लिए नहीं, काम के लिए रोपण: जब डॉ. शर्मा ने अपने जन्मदिवस पर पूजे 8 साल पुराने 'पेड़', मनाया उनका 'बर्थडे'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आमतौर पर लोग अपने जन्मदिन पर केक काटते हैं या नए पौधे लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। लेकिन नर्मदापुरम में पर्यावरण संरक्षण की एक बेहद अनोखी और अनुकरणीय मिसाल देखने को मिली। आरोग्य भारती मध्यभारत प्रांत के अध्यक्ष एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य आयाम के अखिल भारतीय प्रमुख डॉ. राजेश शर्मा ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर वर्षों पूर्व लगाए गए पौधों का बाकायदा पूजन-अर्चन कर उनका 'जन्मदिन' मनाया। 'वृक्ष हैं तो कल है' के संदेश को साकार करते हुए उन्होंने यह साबित किया कि पर्यावरण की सच्ची सेवा सिर्फ पौधे रोपने में नहीं, बल्कि उन्हें वटवृक्ष बनने तक सींचने में है।



8 साल पहले लगाए 'स्मार्ट-ट्री' बन गए हैं पेड़

डॉ. राजेश शर्मा पिछले कई वर्षों से नर्मदापुरम सहित पूरे मध्यभारत क्षेत्र में पौधरोपण करते आ रहे हैं। पौधों के शत-प्रतिशत जीवित रहने की दर सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने 5 से 8 वर्ष पूर्व 'स्मार्ट-ट्री' तकनीक से पौधे लगाए थे। सोमवार को अपने जन्मदिन के मौके पर वे सबसे पहले मालाखेड़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचे और तत्पश्चात नर्मदा अपना अस्पताल प्रांगण स्थित 'तपोवन' में 5, 7 और 8 वर्ष पुराने विशाल रूप ले चुके इन वृक्षों का वैदिक रीति से पूजन-अर्चन किया।

प्रबुद्धजन रहे साक्षी

पर्यावरण संरक्षण की इस अनूठी मुहिम और जन्मदिन उत्सव के अवसर पर शहर के अनेक प्रबुद्धजन, समाज सेवी और पत्रकार पहुंचे डॉ. अतुल सेठा, मुकेश दांगी प्राचार्य, सरस्वती शिशु मंदिर, राजेंद्र ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता, BJP, सुनील राठौर पूर्व जिला उपाध्यक्ष, BJP, प्रांशु राने जिला मंत्री, BJP, अजय दुबे अध्यक्ष, वरिष्ठजन कल्याण समिति, चित्रा शर्मा, वीरेंद्र राजपूत, राज रघुवंशी पर्यावरणविद, योगाचार्य राकेश चौहान जिला सचिव, आरोग्य भारती, रुद्रप्रताप सिंह चौहान, शैलेंद्र कौरव, श्रीजीत सिंह ठाकुर सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जाहिर सूचना

सूचना के माध्यम से समस्त जन साधारण निजी ऋणदाता, संस्थाओं, एवं बैंको को सूचित कर रहे हैं। कि हमारे वेयर हाउस (भण्डारग्रह) में जमाकर्ता फर्म ओसवाल इंटरप्राईजेस इटारसी तहसील इटारसी जिला होशंगाबाद ने चावल 704 कट्टी वजन 352.25 कुण्टल जिसका बाजार मूल्य 2289625/- हैं। जिसकी भण्डारग्रह रसीद कमांक 6396 दिनांक 08.01.26 को जमा कराया गया था ।जमाकर्ता द्वारा भण्डारग्रह में आवेदन दिया गया है कि संस्था द्वारा जारी की गयी रसीद क्रमांक 6396 दिनांक 08.01.26 704 कट्टी वजन 352.25 कही गिर गयी हैं गुम हो गयी हैं। अतः सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था या बैंक हमारी वेयर हाउस रसीद कमांक (उपरोक्तानुसार) के बारे में किसी प्रकार का व्यवहार अथवा लेन देन न करे अन्यथा वह स्वयं इसके लिये जिम्मेदार रहेगा यदि किसी निजी ऋणदाता, संस्था, अथवा बैंक के पास यह रसीद बंधक रखी हो अथवा किसी को मिली हो तो सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में सूचित करे अन्यथा इस रसीद की डुप्लीकेट रसीद बनाकर दे दी जावेगी ।

प्रबंधक विजय वानखेडे
जी. बंशीलाल राठी संस वेयर हाउसिंग कार्पो. लोहारिया रोड इटारसी

खबर संक्षेप

भारी औजारों व हथियारों की दी जानकारी

हरदा। जिले मे 31 जुलाई से आयोजित सात दिवसीय सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स प्रशिक्षण में मंगलवार पंचम दिवस सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को निर्धारित सिलेबस अनुसार प्लाटून कमांडर रक्षा राजपूत एवं एसडीईआरएफ जवानों ने भारी औजारों हाइड्रोलिक कटर, रैम, जैक, बिन्च और सर्कुलर शा का परिचय एवं प्रयोग पीपीटी के माध्यम से बताया। प्रशिक्षण में एसडीईआरएफ एस के 34 अरूण ने सी बी आर एन हथियारों का परिचय, प्रकार, प्रभाव और परिणाम तथा खतरे से सुरक्षा के सामान्य सिद्धांत के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में होमगार्ड सैनिक शैलेन्द्र परमार ने सी बी आर एन संकट में नागरिक सुरक्षा प्रतिक्रिया अभियान के बारे में तथा दोपहर बाद सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को एसडीईआरएफ जवानों द्वारा आपदा के दौरान की जाने वाली कार्यवाही का प्रदर्शन किया गया। साथ ही सिविल डिफेंस वालेंटियर्स तथा होमगार्ड कार्यालय व एसडीईआरएफ भंडार का भ्रमण कराया गया।

हर घर तिरंगा अभियान 9 से 17 तक

हरदा। मध्यप्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान 9 से 17 अगस्त, 2026 तक संपूर्ण जन सहभागिता से चलाया जायेगा। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने सभी संभागायुक्त और कलेक्टर्स को तत्संबंधी निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर्स से कहा गया है कि इस अभियान में जनसामान्य को विगत वर्षों की तरह उत्साह और देशभक्ति के साथ स्वाधीनता दिवस मनाने एवं 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मानने के लिए सहभागिता सुनिश्चित करें। इस दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत शासकीय कार्यक्रम/चर्चाएँ जैसे आयोजन किए जाएंगे। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के जश्न को हर घर तिरंगा अभियान 2026 के साथ जोड़ा गया है।

दतिया उप चुनाव की जीत पर कांग्रेस में जश्न का माहौल



खरगोन। दतिया उप चुनाव की जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न। इस अवसर पर शहर कांग्रेस उत्तर अध्यक्ष नितेश मंडलोई शहर कांग्रेस दक्षिण अध्यक्ष असलम खान वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पवार प्रकाश जोशी मुकेश गोले कासम बोहरा अलीम शेख अमित ठक्कर अरविंद चौधरी मंची कर्मा धर्मेंद्र चौधरी रामेश्वर कुशवाहा अशोक मंडलोई ऊबेदुल्ला खान अबरार खान रहमान शेख समीर खान विनोद बघेल आदि उपस्थित थे।

सहकारी समितियों, निजी विक्रेताओं, कियोस्क संचालकों से चर्चा की

ई-विकास पोर्टल को अधिक सुगम बनाने को वरिष्ठ अधिकारियों ने किसानों से लिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



कृषि उत्पादन आयुक्त के.सी. गुप्ता, एमडी मार्कफेड अभिजीत अग्रवाल, नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त श्रीकांत बनोठ एवं उप सचिव कृषि रोहित सिसोनिया द्वारा मंगलवार को किसान संगठनों के पदाधिकारियों एवं किसानों से चर्चा कर उर्वक प्रदाय के लिये बनाये गये ई-विकास पोर्टल (ई-टोकन) व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाने एवं उपयोग के लिये सुझाव प्राप्त किए।

इस दौरान अधिकारियों के दल ने सहकारी समितियों, निजी विक्रेताओं, कियोस्क संचालकों से भी चर्चा कर पोर्टल में सुधार की संभावनाओं को तलाशा। साथ ही फीडबेक प्राप्त किया। इस दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन सहित कृषि, सहकारिता, मार्कफेड एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में आम किसान यूनियन की ओर से दिनेश लेगा, करण चौधरी एवं लखन पटेल ने भाग लेते हुए ई-विकास प्रणाली में आ रही व्यावहारिक समस्याओं और किसानों की परेशानियों को समिति के समक्ष विस्तार से रखा।

यूनियन के राम ईनानीया ने बताया कि वनभूमि, पट्टाधारक एवं सिकमी किसानों को ई-विकास प्रणाली के माध्यम से रासायनिक उर्वरक नहीं मिल पा रहे हैं। साथ ही हरदा जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ने के बावजूद सब्जी एवं फल फसलों के लिए उर्वरक वितरण का पर्याप्त प्रावधान नहीं है। किसान प्रतिनिधियों ने प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, जिले की मिट्टी एवं फसल के अनुसार उर्वरक की मानक मात्रा निर्धारित करने, प्राकृतिक आपदा के कारण दोबारा बुवाई की स्थिति में अतिरिक्त उर्वरक उपलब्ध कराने तथा ई-विकास एप्लीकेशन को ई-उपार्जन की तर्ज पर सरल बनाकर किसानों को स्वयं मोबाइल से बुकिंग की सुविधा देने की मांग की। इसके अलावा वैज्ञानिक आधार पर उर्वरक वितरण, हाईब्रिड फसलों के लिए अतिरिक्त उर्वरक, तथा रासायनिक उर्वरकों का 70 प्रतिशत सहकारी समितियों एवं 30 प्रतिशत निजी विक्रेताओं के माध्यम से वितरण सुनिश्चित करने का सुझाव भी दिया गया। आम किसान यूनियन ने अपने सुझावों एवं समस्याओं से संबंधित लगभग 200 पृष्ठों की विस्तृत रिपोर्ट समिति को सौंपी। समिति ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और उन पर विचार करने का भरोसा दिलाया। बैठक में रासायनिक उर्वरकों की उपलब्ध मात्रा में 50 प्रतिशत तक वृद्धि करने का आश्वासन भी दिया गया, जबकि अन्य सुझावों पर शीघ्र निर्णय लेने की बात कही गई।

किसानों के कामकाज पर असर, राजस्व कार्य प्रभावित

पदोन्नति सहित विभिन्न मांगों को लेकर पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिले के सभी पटवारी सोमवार से अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर चले गए। हड़ताल शुरू होने से पहले पटवारियों ने अपने-अपने हल्कों का प्रभार, बस्ता एवं शासकीय अभिलेख संबंधित तहसीलों में जमा कर दिए। पहले दिन जिला पटवारी संघ के बैनर तले कृषि उपज मंडी परिसर में धरना-प्रदर्शन किया गया, जिसमें जिले की सभी तहसीलों के पटवारी शामिल हुए। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि इससे पहले चरणबद्ध आंदोलन के तहत पटवारियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया, शासकीय वाट्सएप समूहों तथा ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार भी किया, लेकिन शासन स्तर पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। कई बार ज्ञापन देने के बावजूद मांगों का निराकरण नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेना पड़ा। हड़ताल का असर पहले दिन से ही किसानों और आम नागरिकों पर दिखाई देने लगा। खरीफ सीजन के बीच फसल बीमा, ई-केवाईसी, फार्मर आईडी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से जुड़े रिकॉर्ड सत्यापन, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, गिरदावरी, खसरा-खतौनी की प्रतिलिपि सहित अनेक राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आवश्यक कार्यों के लिए तहसीलों और पटवारी हल्कों में पहुंचे लोगों को निराश लौटना पड़ा। पटवारियों की हड़ताल से राजस्व विभाग की एक दर्जन से अधिक ऑनलाइन सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। इनमें ई-टोकन, वेब जीआईएस, सारा पोर्टल, आरसीएमएस, सीएम हेल्पलाइन, फार्मर रजिस्ट्रेशन, रिकॉर्ड अपडेट, रिकॉर्ड स्कैनिंग, राजस्व वसूली तथा लघु सिंचाई गणना सहित अन्य सेवाएं शामिल हैं।

पटवारी संघ का कहना है कि लगातार बढ़ते कार्यभार के बावजूद वर्षों से उनकी सेवा संबंधी मांगें लंबित हैं। संघ की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू लागू करना, पदोन्नति के अनुरूप समयमान वेतनमान देना, लंबित नायब तहसीलदार विभागीय परीक्षा आयोजित करना, विधिक संरक्षण प्रदान करना, अतिरिक्त कार्यों का युक्तिकरण कर उचित पारिश्रमिक देना, लंबित मानदेय का भुगतान तथा पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करना शामिल है। संघ ने वेतन विसंगति का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि नियुक्ति के समय 2400 ग्रेड पे तथा 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर 2800 ग्रेड पे दिए जाने की मांग लंबे समय से लंबित है। प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव जैन ने कहा कि पटवारी किसानों और आम नागरिकों को असुविधा नहीं पहुंचाना चाहते, लेकिन वर्षों से मांगों की अनदेखी से आंदोलन करना मजबूरी बन गया है।

रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की 74 आपत्तियों पर आज एसडीएम कार्यालय में लोक सुनवाई

खिरकिया। नगर में प्रस्तावित 56 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर प्राप्त 74 आपत्तियों पर आज बुधवार, को एसडीएम कार्यालय में लोक सुनवाई आयोजित की जाएगी। सुनवाई में आपत्ति दर्ज कराने वाले सभी लोगों को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया है। सुनवाई के बाद भू-अर्जन एवं ओवरब्रिज निर्माण की आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

एसडीएम रजनी वर्मा ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज निर्माण से संबंधित सभी 74 आपत्तिकर्ताओं को सूचना देकर लोक सुनवाई में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। भू-अर्जन पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 की धारा-5 के तहत जारी सूचना के अनुसार खिरकिया में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए लगभग 1.051 एकड़ भूमि का अर्जन प्रस्तावित है। सामाजिक प्रभाव आकलन (सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट) के तहत एसडीएम कार्यालय के सभाकक्ष में दोपहर 12 से 2 बजे तक लोक सुनवाई होगी, जिसमें प्रभावित व्यक्ति अपने सुझाव एवं आपत्तियां प्रस्तुत कर सकेंगे। ओवरब्रिज निर्माण का विरोध कर रही समिति के सदस्य प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि उनका उद्देश्य निर्माण का विरोध नहीं, बल्कि शहर के हित में डिजाइन में संशोधन कराना है।

उन्होंने मांग की कि ब्रिज की लंबाई और चौड़ाई कम की जाए, ताकि मुख्य बाजार दो हिस्सों में विभाजित न हो और पैदल आवाजाही प्रभावित न हो। साथ ही ओवरब्रिज का स्थान बदलकर टेलीफोन एक्सचेंज या फॉरेस्ट डिपो क्षेत्र में निर्माण कराने का सुझाव भी दिया। वहीं स्थानीय व्यवसायी पंकज सांड ने कहा कि हरदा, भिरंगी, टिमरनी और मसनगांव में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जबकि खिरकिया में अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से रेलवे फाटक पर जाम की समस्या से लोग परेशान हैं, इसलिए आपत्तियों का शीघ्र निराकरण कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाना चाहिए। एसडीएम रजनी वर्मा ने कहा कि सभी आपत्तियों और सुझावों पर नियमानुसार विचार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के लिए निर्देश दिए

हरदा। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, डिप्टी कलेक्टर श्वेता बम्होरे सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में टिमरनी निवासी मिश्रीलाल पाटिल ने अपनी निमाचाकला स्थित भूमि पर बिना अनुमति के विद्युत लाइन डालने के संबंध में शिकायत की, जिस पर विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम अबगांव खुर्द निवासी लक्ष्मी बाई बिल्लोरे व हंडिया निवासी असलम खान ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को आवेदिका की पात्रता का परीक्षण



कर पात्रता अनुसार लाभ दिलाने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम सिंगोदा के ग्रामीणों ने भोमका बाबा मंदिर से ग्राम सिंगोदा तक कुल 3 कि.मी. सड़क मार्ग बनवाने की मांग की, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत टिमरनी को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम पांढरमाटी निवासी प्रमोद बढ़ोदिया ने ठेकेदार द्वारा मजदूरी की राशि का भुगतान न करने के संबंध में शिकायत की।

प्रदेश की विजेता ट्रॉफी राज्य को लौटेगी, जिला स्तरीय पर्यटन क्विज की तैयारी

प्रतियोगिता के लिए जिले से 240 टीमों का ऑनलाइन पंजीयन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

जिले में 07 अगस्त को उत्कृष्ट विद्यालय खरगोन में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। प्रतियोगिता के लिए जिलेभर से 240 टीमों का ऑनलाइन पंजीयन प्राप्त हुआ है। प्रत्येक टीम में तीन-तीन विद्यार्थी शामिल हैं। गत वर्ष राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में सीएम राइज स्कूल, महेश्वर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस उपलब्धि पर विद्यालय को राज्य स्तरीय विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई थी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की परंपरा के अनुसार विजेता ट्रॉफी आगामी प्रतियोगिता से पूर्व मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग को वापस सौंपी जानी है। इसी क्रम में कलेक्टर गुरु प्रसाद ने विजेता ट्रॉफी जिला पर्यटन क्विज नोडल अधिकारी नीरज अमझरे को सौंपते हुए इसे सुरक्षित रूप से राज्य स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी।

यह ट्रॉफी 04 अगस्त को आयोजित समारोह में मध्यप्रदेश पर्यटन के प्रबंध संचालक को औपचारिक रूप से सुपुर्द की जाएगी। आगामी राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में विजेता बनने वाली टीम को यही ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। कलेक्टर गुरु प्रसाद ने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी खरगोन जिले के विद्यार्थी पर्यटन, इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत से संबंधित विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले को प्रदेश स्तर पर पुनः गौरवान्वित करेंगे।



शिव महापुराण कथा के अंतिम दिवस उमड़े श्रद्धालु

अंधकासुर वध, द्वादश ज्योतिर्लिंग व रुद्र अवतार हनुमान का प्रसंग सुन भावविभोर हुए भक्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

नगर की भावसार धर्मशाला में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा महोत्सव का मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में समापन हुआ। समापन दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित रहे। व्यासपीठ से कथावाचक पंडित विवेक परसाई ने कथा के अंतिम दिन अंधकासुर वध, भगवान श्रीकृष्ण द्वारा बाणासुर वध, रुद्र अवतार हनुमानजी तथा द्वादश ज्योतिर्लिंगों के महत्व का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण का श्रद्धापूर्वक श्रवण करने से मनुष्य के पापों का क्षय होता है तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए।

सुमधुर भजनों पर मातृशक्ति ने भक्ति भाव से नृत्य किया, वहीं कथा स्थल ₹हर-हर महादेव₹ और ₹बम-बम भोले₹ के जयघोष से गूंज उठा। पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से ओतप्रोत रहा। कथा के यजमान सचिन एवं शालू भावसार ने विधि-विधान से शिव महापुराण का पूजन एवं महाआरती की। मुख्य यजमान जीवनलता शिवनारायण भावसार ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ, पूर्णाहुति एवं समापन आरती संपन्न हुई। इसके बाद शिव महापुराण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समापन अवसर पर महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने कथा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिला स्तरीय आयोजन 7 को

हरदा। मध्यप्रदेश के समृद्ध पर्यटन, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत से विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य से वर्ष 2016 से आयोजित की जा रही मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 का जिला स्तरीय आयोजन 7 अगस्त को डॉ. बी.आर. अंबेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में किया जाएगा। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी एस.डी.एम. अशोक कुमार डेहरिया ने बताया कि इस वर्ष जिले के 92 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों ने प्रतियोगिता के लिए पंजीयन कराया है। प्रत्येक विद्यालय का तीन सदस्यीय दल अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ प्रातः 8:30 बजे कार्यक्रम स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होगा। यह प्रतियोगिता दो चरणों में होगी। प्रथम चरण में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लिखित परीक्षा होगी, जिसमें लगभग 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रश्न मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थल, इतिहास, संस्कृति, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, वन्यजीव संरक्षण एवं संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण तथा सामान्य ज्ञान से संबंधित होंगे।